# किशनगंज में फलफूल रहा नकली लॉटरी का कारोबार, करोड़पति बनने का सपना दिखाकर की जा रही ठगी



**अमरेंद्र कांत, जागरण, किशनगंज।** बिहार में लाटरी की बिक्री प्रतिबंधित है। लेकिन सीमावर्ती जिला किशनगंज में इसपर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लग सका है। शहर से लेकर गांव तक जमकर लाटरी की खरीद-बिक्री का खेल जारी है।
इसमें सक्रिय लाटरी माफिया लोगों को करोड़पति बनने का सपना दिखाकर नकली लाटरी टिकट बेचकर मालामाल हो रहे हैं। जबकि नकली लाटरी खरीदार कंगाल होते जा रहे हैं।

लाृॉटरी खरीदारों को को नकली लाटरी होने की जानकारी भी मिलती है इसकी शिकायत नहीं कर पाते हैं। जिस कारण सक्रिय सिंडिकेट आसानी से इसका जाल फैला रहे हैं।

Source: https://www.jagran.com/bihar/kishanganj-kishanganj-news-fake-lottery-business-thrives-duping-people-with-false-promises-24071727.html